# चिनाब वैलि पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

जलविद्युत परियोजनाएँ किश्तवाड़ (जम्मू व कश्मीर)।

## निदेशक (परियोजनाएँ एवं तकनीकी) द्वारा सीवीपीपीएल परियोजनाओं का दौरा।

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं एवं तकनीकी) एनएचपीसी ने दिनांक 21/10/2024 से 24/10/2024, तक किश्तवाड़ जिले में स्थित सीवीपीपीएल की सभी निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं की गतिविधियों की समीक्षा हेतु अपना पहला दौरा किया। एनएचपीसी निगम मुख्यालय से श्री संदीप मित्तल, कार्यपालक निदेशक; श्री राकेश कुमार दुबे, महाप्रबंधक; श्री अनुज कुमार झा, महाप्रबंधक; श्री सुधीर कुमार, महाप्रबंधक भी निदेशक महोदय के साथ पधारे थे। एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू से श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक; और श्री रमेश मुखिया, प्रबंध निदेशक-सीवीपीपी एवं श्री मुकेश कुमार, महाप्रबंधक भी जम्मू से शिष्ट अतिथियों के साथ सम्पूर्ण दौरे भर में उनके साथ रहे। किश्तवाड़ पहुंचने पर श्री विशाल आनंद, एचओपी पकल दुल एच ई पी; श्री रमेश ओझा – एचओपी किरू एच ई पी; श्री शशिकांत गिरि, एचओपी क्वार एच ई पी और श्री राजेंद्र कुमार, एचओपी किरथाई-II द्वारा, श्री एके नौरियाल , सीईओ रतले और श्री सुरेश कुमार, एचओपी दुलहस्ती की उपस्थिती में, गर्मजोशी से विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया गया। आगमन उपरांत उन्होने सभी परियोजना प्रमुखों के साथ बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर परियोजनाओं की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की।

दिनांक 22/10/2024 को सभी विशिष्ट अतिथियों ने किरु एवं क्वार परियोजनाओं के विभिन्न निर्माणाधीन कार्यस्थलों का विस्तृत दौरा किया और बैठकें कर विस्तारपूर्वक समस्त कार्यों की समीक्षा की और उचित निर्णय लिए। इसके उपरांत देर रात तक उन्होने पकल डुल परियोजना के पावर हाउस स्थल एवं एचआरटी-टीबीएम साइट का दौरा किया। दिनांक 23/10/2024 को निदेशक महोदय एवं समस्त अतिथियों द्वारा पकल दुल एचईपी के बांध स्थल दंगडुरु का दौरा किया और विभिन्न कार्यस्थलों पर चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। दिनांक 24/10/2023 को उन्होने रतले एच ई पी के दौरा के उपरांत जम्मू के लिए प्रस्थान किया।

विशिष्ट अतिथियों ने दौरे में सीवीपीपी अधिकारियों के प्रतिनिधियों, विभिन्न ठेकेदारों और मजदूर संगठनों के साथ भी बैठकें कर उनकी समस्याओं को सुना और उन सभी से परियोजनाओं को समय से सम्पन्न करने में सहयोग की सलाह दी। दौरे के अंतर्गत विभिन्न कार्यस्थलों पर उन्होने अधिकारियों से परिचय एवं वार्ता की और सभी कार्मिकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की खूब सराहना की। श्री रमेश मुखिया, प्रबंध निदेशक, ने भी अधिकारियों व कर्मचारियों से संबन्धित विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा कि और उनपर प्रबंधन द्वारा निरंतर गहन चिंतन किए जाने के बारे में बताया। सभी परियोजना प्रमुखों की ओर से ने विशिष्ट अतिथियों का किश्तवार पधारने, सभी कार्यस्थलों पर दौरा करने और महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

: झलकिया :









## किरु परियोजना का दौरा




CHENAB VALLEY POWER PROJECTS LTD
KIRU HE PROJECT (624 MW)
INAUGURATED BY
SH. SANJAY KUMAR SINGH


KARAM




CHENAB VALLEY POWER PROJECTS LTD.
A JOINT VENTURE OF NHPC (A GOVT. OF INDIA NAVRATNA ENTERPRISE) & JKSPDC (A GOVT. OF J&K ENTERPRISE)
CVPP
Chenab Valley Power Projects Ltd
Welcome
Sh. Sanjay Kumar Singh
Director (Projects & Technical), NHPC Limited
KISHTWAR (J&K)



## क्वार परियोजना का दौरा






CVPP
CHENAB VALLEY POWER PROJECTS LTD.
A JOINT VENTURE OF NHPC (A GOVT. OF INDIA NAVRATNA ENTERPRISE) & JKSPDC (A GOVT. OF J&K ENTERPRISE)
Welcome
Director (Projects & Technical), NH
HE PROJECT (540 MW) KISHTWA


हवन सामग्री


KARAM
KARAM



<u>पकल दुल दौरा</u>
















KARAM



